| FA | 2 |
|---|---|

# राज्य स्तरीय आकलन

## सत्र 2019–20

## सुझावात्मक गतिविधियाँ

**कक्षा : तीसरी** | **विषय : हिंदी**

**PAPER CODE : 3011** | **पूर्णांक : 10**

**निर्देश –**

1. **खण्ड 'अ' से कोई एक गतिविधि तथा खण्ड 'ब' से कोई एक गतिविधि करावें।**
2. **गतिविधियों में दिए गए चित्र के समरूप अन्य चित्रों का प्रयोग करके भी गतिविधि संपन्न करवाई जा सकती है।**

**खण्ड – 'अ'** **(अंक 05)**

**LO-L-304 - आसपास होने वाली गतिविधियों घटनाओं और विभिन्न स्थितियों में हुए अपने अनुभवों के बारे में बताते, बातचीत करते और प्रश्न पूछते हैं।**

**गतिविधि 1 – आओ चलें हाट बाजार**

शिक्षक बच्चों को बाजार से संबंधित जानकारी दें। इससे संबंधित प्रश्न पूछें। जैसे–

प्रश्न 1. तुम बाजार क्यों जाते हो?

प्रश्न 2. बाजार तुम्हें कौन ले जाता है?

प्रश्न 3. वहाँ पर क्या–क्या मिलता है?

प्रश्न 4. तुमने कहाँ–कहाँ के बाजार देखे हैं?

प्रश्न 5. बाजार में तुम्हें सबसे अच्छा क्या लगा?

**निर्देश –**

1. शिक्षक बच्चों को सरल एवं स्पष्ट निर्देश दें।
2. सभी बच्चों से अलग–अलग पूछें।
3. प्रत्येक बच्चों को 05 मिनट का समय दें।
4. प्रश्न के अनुरूप उत्तर देने पर 1 अंक दें।
5. कुल प्रश्नों की संख्या 5 है। प्रत्येक प्रश्न पर 1 अंक है। कुल अंक 05 है।

**गतिविधि 2. – स्वच्छ रहें स्वस्थ रहें।**

इस चित्र के आधार पर प्रश्नों के उत्तर बताओ।

**प्रश्न –**

1. साफ–सुथरा रहना क्यों जरूरी है?
2. हरे रंग के कूड़ेदान का उपयोग क्यों जरूरी है?
3. सूखा कचरा किस रंग के कूड़ेदान में डाला जाता है?
4. हाथ धोने का कार्यक्रम कब मनाया जाता है?
5. हाथ कब–कब धोना चाहिए?

**निर्देश –**

1. सभी बच्चों से प्रश्न अलग–अलग पूछें।
2. प्रत्येक बच्चे को 05 मिनट का समय दें।
3. प्रत्येक प्रश्न के सही उत्तर पर 1 अंक है।

**गतिविधि 3. – आओ बाल सभा करें।**

**यह गतिविधि पर्ची पर आधारित हैं।**

शिक्षक बच्चों की संख्या के आधार पर विविध विषयों जैसे – मच्छर, तितली, कविता, मेरा प्रिय कार्टून, गुड़िया कहानी, मेरा प्रिय खेल, मेरे शिक्षक, मेरी माँ, कोई चुटकुला कोई पहेली, आदि पर आधारित पर्ची बनायें। सभी बच्चों को पंक्तिबद्ध या गोल घेरे में बैठा लें। एक–एक बच्चें को बुलायें और पर्ची उठाने को कहें। पर्ची में जो लिखा है, उसे समझाकर उसे पर्ची के अनुसार कार्य करने को कहें।

**निर्देश –**

1. शिक्षक कक्षा के माहौल को शांत रखें।
2. शिक्षक द्वारा बच्चों को दिये गये निर्देश स्पष्ट एवं सरल हों।
3. पर्ची का नाम यदि बच्चे को कठिन लगे तो उसे दूसरी पर्ची उठाने को कहें।
4. प्रस्तुति के आधार पर अंक प्रदान करें।

**खण्ड 'ब'** **(अंक 05)**

**LO–L-310 – विभिन्न उद्देश्यों के लिए लिखते हुए अपने लेखन में शब्दों के चुनाव, वाक्य संरचना और लेखन के स्वरूप (जैसे– दोस्त को पत्र लिखना, पत्रिका के संपादक को पत्र लिखना) को लेकर निर्णय लेते हुए लिखते हैं।**

**गतिविधि 1 – आओ कहें अपनी कहानी**

शिक्षक '**मैं हूँ महानदी**' पाठ या अन्य आत्मकथा का संदर्भ देते हुए बच्चों को स्वयं के बारे में 05 वाक्य लिखने को कहें।

**निर्देश–**

1. शिक्षक द्वारा दिए गए निर्देश सरल एवं स्पष्ट हो।
2. वाक्य संरचना, नये शब्द आदि के अनुसार अंक प्रदान करें।
3. प्रत्येक वाक्य हेतु 1–1 अंक है।

**गतिविधि 2 – आओ पत्र लिखें**

बच्चों को अपनी इच्छानुसार एक पत्र लिखने को कहें। अभिव्यक्ति के लिए बच्चों को स्वतंत्रता दें अर्थात् पत्र के विषय को बच्चे स्वयं तय करें।

**निर्देश –**

1. शिक्षक द्वारा बच्चों को सरल एवं स्पष्ट निर्देश हो।
2. शिक्षक बच्चों को स्पष्ट रूप से बतायें कि पत्र कैसे लिखा जाता है।
3. पत्र लिखने के आधार पर अंक दें।

पत्र लेखन के बारे में बच्चों से चर्चा करें। विभिन्न प्रकार के पत्र जैसे– पारिवारिक पत्र, कक्षा शिक्षक या प्रधानाध्यापक को छुट्टी हेतु पत्र लेखन के बारे में बतायें।

**गतिविधि 3 – हम जानते हैं**

दैनिक जीवन में उपयोग में आने वाली विभिन्न वस्तुओं (फल,सब्जी,स्टेशनरी आदि) को शिक्षक स्वयं विभिन्न प्रकार की वस्तुओं को शाला में लायें या एक दिन पूर्व शिक्षक बच्चों को अपने घर से एक–एक लाये हुए वस्तु के बारे में लिखने को कहें, जैसे – सब्जी, फल, स्टेशनरी आदि लाने को कहें।

**निर्देश –**

- शिक्षक बच्चों की संख्या के अनुसार वस्तुओं की व्यवस्था करें।
- बच्चों को पंक्तिबद्ध बैठा लें।
- बारी–बारी से एक–एक बच्चे को बुलाकर अपनी इच्छानुसार एक वस्तु उठाने को कहें।
- उस वस्तु पर पाँच पंक्ति लिखने का निर्देश दें।
- लेखन में शब्दों के चुनाव, वाक्य संरचना के आधार पर अंक दें।
- प्रत्येक सही पंक्ति पर 01 अंक है। अधिकतम अंक 05 है।